# परिशिष्ट

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

गोपनीय

# जनतन्त्रात्मक मूल्य-परीक्षा

## (Test of Democratic Values)

Constructed & Standardized

*by*

S.P. KULSHRESTHA

M.A. (Psy.), M.Sc. Dip., M.Ed., D.E.V.G.

Senior Research Fellow

Postgraduate Basic Teachers' Training College,

SARDARSHAHR (RAJASTHAN)

LIBRARY

Bhopal

*Published by*

Indian Psychological Corporation,

Rai Behari Lala Road,

LUCKNOW-7

Copyright- 1971 by Indian Paychological Corporation

The Reproduction of any part of this test by duplicating machine, or in any other way, whether the reproductions are to be sold or not, is a violation of the copyright law.

# ☼ निर्देश बिन्दु ☼

१. यह परीक्षण पुस्तिका है। इस पर किसी प्रकार का निशान न लगाइये। आपको लिखने के लिए अलग से उत्तर पत्र दिया जा रहा है। आप उस पर अपना नाम, पता तथा अन्य आवश्यक सूचनायें अंकित कर दीजिये।

२. अब आपको परीक्षण प्रारम्भ करने के लिये कहा जाये तो आप यथासम्भव शीघ्रता एवं सावधानी से प्रारम्भ कीजिये।

३. प्रथम पृष्ठ से प्रारम्भ कीजिये तथा लगातार प्रश्न एक के बाद एक करते चले जाइये।

४. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर, उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान पर ही दीजिये।

५. यह आपकी कोई परीक्षा नहीं है। इसलिये कोई भी उत्तर सही या गलत नहीं है। जो उत्तर आपके विषय में सही है, वही उत्तर उस प्रश्न का सही उत्तर है।

६. प्रत्येक प्रश्न में आपको अपनी व्यक्तिगत पसन्द अंकित करनी है, भले ही उस बात को आपके मित्रगण, परिवार या समाज अच्छा न समझे।

७. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। किसी भी प्रश्न को छोड़ना नहीं है।

८. यदि आप कोई उत्तर बदलना चाहें या आपसे उत्तर देते समय निशान गलत स्थान पर लग जाये तो उसे इस प्रकार ● काटिये तथा उचित गोले में गुणन या सही का निशान अपनी पसन्द के अनुसार लगा दीजिये।

९. परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात किसी प्रकार का प्रश्न न पूछिये।

१०. जब तक आपसे कहा न जाये इस पुस्तिका के पृष्ठ न पलटिये।

Regional Institute of Education LIBRARY Bhopal

# ☼ आदेश तथा उदाहरण ☼

निम्नांकित आदेश तथा उदाहरण अपने मन में ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समझने का प्रयत्न कीजिये।

इस परीक्षण में कुल ४६ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के तीन सम्भावित उत्तर उनके सामने दिये गये हैं। आप अपनी इच्छा तथा विचारानुसार प्राथमिकता के आधार पर उत्तर उनके सामने दिये गये हैं। अपनी पसन्द अंकित कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के दिये हुये तीनों उत्तरों को ध्यानपूर्वक, भलीभांति पढ़िये। तीनों में से जिस उत्तर से आप सर्वाधिक सहमत हैं, अलग से दिये गये उत्तर पत्र में उस प्रश्न की संख्या के संकेतक अक्षर के नीचे बने गोले में सही (✓) का निशान लगा दीजिये। जिस उत्तर से आप सबसे कम सहमत हों या बिलकुल ही सहमत न हों तो उसके संकेतक अक्षर के बीच बने गोले में गुणन (X) का निशान लगा दीजिये। तीसरे उत्तर के लिये बने गोले को खाली छोड़ दीजिये।

उदाहरण :- आपके विचार से किस प्रकार का वातावरण बालकों के लिये उपयोगी है ?

(क) जहाँ का वातावरण अच्छे आचार विचार रखने तथा चरित्रवान बनने के लिये प्रेरित करें।

(ख) जहाँ की जलवायु स्वास्थ्यवर्धक हो।

(ग) जहाँ अधिकाधिक अध्ययन करके ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्राप्त हो सकें।

उत्तर पत्र का नमूना

| क | ख | ग |
|---|---|---|
| ⊗ | ○ | ✓ |

उपर्युक्त उदाहरण का उत्तर देने वाला व्यक्ति (ग) उत्तर से सर्वाधिक सहमत है, अतः उसने उत्तर पत्र पर उदाहरण के सामने 'ग' संकेतक अक्षर के गोले में सही (✓) का निशान लगा दिया है। उसने 'क' उत्तर को सबसे कम पसन्द किया है अतः उसने 'क' के गोले में गुणन (X) का निशान बना दिया है उत्तर 'ख' के गोले में किसी भी प्रकार का निशान न लगाकर उसे खाली छोड़ दिया है। आपकी पसन्द इससे भिन्न हो सकती।

सम्भव है कुछ प्रश्नों में सभी उत्तर आपको बहुत अच्छे लगते हों तथा कुछ प्रश्नों के सभी उत्तरों में से कोई भी उत्तर पसन्द न हों। यदि आप सभी उत्तरों से सहमत है तो आपको उस उत्तर के लिये सही (✓) का निशान लगाना है, जिससे आप अपेक्षाकृत अन्य उत्तरों से सर्वाधिक सहमत हों तथा उस उत्तर के लिये गुणन का निशान लगाइये जिससे आप अन्य उत्तरों की अपेक्षाकृत सबसे कम सहमत हों। इसी प्रकार से यदि आपको प्रश्न के तीनों उत्तर नापसन्द हों तो उस उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइये जो तुम्हें अपेक्षाकृत कम नापसन्द है तथा उस उत्तर पर गुणन (X) का निशान लगाइये जो अपेक्षाकृत सबसे कम पसन्द है।

इस परीक्षण में सभी प्रश्न उपर्युक्त उदाहरण के ही प्रकार के है। ध्यान रखिये प्रत्येक प्रश्न में केवल एक सर्वाधिक पसन्द विवरण पर सही (✓) का निशान तथा केवल एक उत्तर के लिये गुणन (X) का चिन्ह लगाना है जो सबसे कम पसन्द हों। तीसरा उत्तर खाली छोड़ देना है। केवल अंतिम प्रश्न प्रश्न नं. ४७ में तीन के स्थान पर दो उत्तर लिखे हुये है जिससे आप अधिक सहमत है उस उत्तर के लिये सही (✓) तथा जिससे कम सहमत है उस उत्तर के लिये गुणन (X) का चिन्ह लगाना है। कोई भी उत्तर खाली नहीं छोड़ना है।

यदि कोई बात समझ में न आई हो तो पूछ लो। इस परीक्षण के लिये कोई समय सीमा नहीं है। परन्तु फिर भी सोचने में अधिक समय न लगाइये। जो उत्तर आपको पहिले विचार में उचित प्रतीत हो उसे ही अंकित कर दीजिये। ज्यों ही सब कथनों का उत्तर दे चुकें अपनी परीक्षण पुस्तिका तथा उत्तर पत्र लौटा दीजिये।

जब तक कहा न जाये आप इस पुस्तिका को न खोलिये। इस पुस्तिका पर किसी प्रकार भी निशान न लगाइये।

अच्छा तैयार हो जाइये। शुरू कीजिये।

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

१ धर्मग्रन्थों का आदर मनुष्य को क्यों करना चाहिये ?

(क) ये मनुष्य को सचरित्र बनने के लिये प्रेरित करते हैं।

(ख) ये मानव मात्र का ज्ञानवर्धन करते हैं।

(ग) ये छोटे से छोटे कार्य स्वयं करने की प्रेरणा देते हैं।

२. आप कैसे स्थान पर रहना पसन्द करेंगे ?

(क) जहां की जलवायु आपके लिये स्वास्थ्यवर्धक हो।

(ख) जहां पर आपको योग्यतानुसार बढ़ने के अवसर मिले ।

(ग) जहां पर स्वयं कार्य करने में प्रतिष्ठा समझी जाये ।

३. आज की सबसे बड़ी आवश्यकता कौन सी है ?

(क) अपने विचार प्रदर्शित करने की पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाये।

(ख) प्रत्येक व्यक्ति को पौष्टिक भोजन दिया जाये ।

(ग) अपने अपने चरित्र को दृढ़ बनाने की शिक्षा दी जाये ।

४. आपके विचार से कौन सा कार्य देश के लिये अधिक महत्वपूर्ण है ?

(क) ज्ञान प्राप्त करना ।

(ख) एकता की भावना जागृत करना ।

(ग) स्वतन्त्रता का शुद्ध अर्थ, समझाना ।

५. किसी कार्य को करते समय आप किस बात का विशेष ध्यान रखते है ?

(क) अपने स्वास्थ्य का ।

(ख) अपनी स्वतन्त्रता का ।

(ग) अपने आचार विचार का ।

६. आप अपना सहयोगी किसे बनाना पसन्द करेंगे ?

(क) जो ज्ञान से परिपूर्ण हो ।

(ख) जो चरित्रवान हो ।

(ग) जो किसी भी कार्य को हेय न समझे ।

७. किस तथ्य से आप सहमत है ?

(क) भावात्मक राष्ट्रीय-एकता देश के लिये आवश्यक है ।

(ख) हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति को उन्नति के समान अवसर मिलने चाहिए।

(ग) इस दुनियां में ज्ञान प्राप्त करना हमारा अभीष्ट उद्देश्य होना चाहिये ।

८. कौन सा तथ्य आपको अधिक पसन्द है ?

(क) स्वास्थ्य की अपेक्षा चरित्र महत्वपूर्ण है।

(ख) चरित्र की रक्षा की अपेक्षा स्वास्थ्य रक्षा अधिक महत्वपूर्ण है।

(ग) लिखने पढ़ने बोलने को स्वतन्त्रता सर्वाधिक वांछनीय है।

Bhopal

९ आपको कैसे व्यक्ति अच्छे लगते है ?

(क) ईमानदार तथा परिश्रमी व्यक्ति ।

(ख) निम्न से निम्न कार्य भी प्रसन्नतापूर्वक करने वाले व्यक्ति।

(ग) भ्रातृत्व की भावना जागृत करने वाले व्यक्ति ।

१० आपको किसने प्रभावित किया है ?

(क) गामा तथा दारासिंह जैसे पुष्ट शरीर वालों ने ।

(ख) नेहरू तथा विनोबा जैसे एकता की अलख जगाने वालों ने ।

(ग) विवेकानन्द तथा दयानन्द जैसे ब्रह्मचारियों ने ।

११ यदि आपके नाम लाटरी निकले तो आप क्या करेंगे ?

(क) सच्चे व ईमानदार किन्तु निर्धन व दुखी लोगों की सहायता करेंगे ।

(ख) आप देशाटन के द्वारा दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करेंगे ।

(ग) आप खूब पौष्टिक वस्तुयें खाकर अपना स्वास्थ्य बनायेंगे ।

१२ आप प्रातः काल किस कार्य को करना पसन्द करेंगे ?

(क) अपने गृह उत्थान में कार्य करना ।

(ख) अपनी पुस्तकों का अध्ययन करना ।

(ग) व्यायाम करना ।

१३ आप कैसे मित्र के साथ अपना सम्बन्ध सदैव रखना चाहेंगे ?

(क) जो जूतों की मरम्मत करके अपना खर्च निकालता हो ।

(ख) जो दूसरे प्रदेशों की भाषायें सीखने का प्रयत्न करता हो ।

(ग) जो अपना धन, पुस्तकें खरीद कर अध्ययन करने में लगाता हो ।

१४ आप कैसे व्यक्तियों को पसन्द करते हैं ?

(क) आविष्कारक तथा नवीन खोज करने वाले अनुसंधानकर्ता आदि को ।

(ख) स्वास्थ्य की रक्षा करने में सहायक डाक्टर आदि को ।

(ग) बिना किसी भेदभाव के, सबसे सरल व्यवहार रखने वालों को ।

१५ आप किन परिस्थितियों में कार्य करना बन्द करे देंगे ?

(क) अपने स्वास्थ्य हानि की सम्भावना हो ।

(ख) दूसरों की हानि की सम्भावना हो ।

(ग) दूसरों की स्वतन्त्रता के हनन होने की सम्भावना हो ।

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

१६ आप अपने घर में रेडियो बजाना कब पसन्द नहीं करते ?

(क) अब आपके पड़ौसी के घर कोई बीमार हो ।

(ख) जब झूंठा तथा प्रपंचपूर्ण विवरण प्रसारित किया जा रहा हो ।

(ग) जब एक ही विचारधारा प्रतिपादित की जा रही हो और अन्य विचारधाराओं को निकृष्ट ठहराया जा रहा हो।

१७ आपके विचार से कौनसा विवरण अधिक महत्वपूर्ण है ?

(क) नैतिक शिक्षा का विवरण ।

(ख) भावात्मक एकता समिति का विवरण ।

(ग) भारत में शारीरिक शिक्षा की प्रगति का विवरण ।

१८ सबसे महत्वपूर्ण कार्य कौनसा है ?

(क) अपनत्व एवं प्रेम की गंगा बहाना ।

(ख) प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से नौकरी के अवसर देना।

(ग) छोटे से छोटे कार्य को श्रद्धा से करना ।

१९ आपकी दृष्टि में किस प्रकार के व्यक्ति आपको जल्दी प्रभावित कर लेते हैं ?

(क) दीन बन्धु दीनों से प्रेम करने वाला ।

(ख) चरित्रवान व्यक्ति ।

(ग) विद्वान ।

२० यदि आपको अवसर दिया जाये तो आप किसकी स्थापना करना पसन्द करेंगे ?

(क) व्यायाम शाला ।

(ख) मोहल्ला-एकता-परिषद् ।

(ग) भ्रष्टाचार निरोधक समिति ।

२१ आप बहुधा किस प्रकार की पत्रिकायें पढ़ना पसन्द करते हैं ?

(क) जिनमें विभिन्न भाषाओं की सद्भावना जगाने वाली सामग्री हो ।

(ख) जिनमें जनतन्त्रात्मक स्वतन्त्रता सम्बन्धी तथ्य हों ।

(ग) जिनमें निरोग रहने की विधियाँ दी गई हो ।

२२ आप किस विषय पर व्याख्यान सुनना पसन्द करते हैं ?

(क) सभी वर्ग एवं जाति के लिये समान शैक्षिक अवसर ।

(ख) शारीरिक परिश्रम का महत्व ।

(ग) स्वास्थ्य रक्षा ।

Regional Institute of Education Bhopal

२३ शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य क्या होना चाहिये ?

(क) बालकों को शारीरिक श्रम की महत्ता समझाना ।

(ख) पारस्परिक सहयोग तथा आदान प्रदान की भावना जगाना।

(ग) बालकों को चरित्रवान बनाना ।

२४ आपके विचार से अच्छी शिक्षा कैसी होनी चाहिये ?

(क) जो जनतन्त्रात्मक समस्याओं के अध्ययन के लिये प्रोत्साहित करे ।

(ख) जो छोटे से छोटा कार्य करने में बालकों में हीन भावना न आने दे ।

(ग) प्रत्येक बालक को चाहे वह किसी वर्ग का हो योग्यतानुसार शिक्षा प्राप्त हो ।

२५ आप अपना जीवन साथी किसे बनाना चाहेंगे ?

(क) निम्न कुल का भले ही हो परन्तु योग्य हो ।

(ख) दूसरी जाति या प्रान्त को भले ही हो पर स्नेहशील हो ।

(ग) भले ही मजदूर श्रेणी का हो परन्तु प्रतिभाशाली हो ।

२६ आप छोटे भाई बहिनों को शिक्षा देते समय किस बात का ध्यान रखेंगे ?

(क) उनमें दूसरे प्रान्त के लोगों के प्रति घृणा न जागृत हो ।

(ख) उनमें अपनी तथा दूसरे की भी स्वतन्त्रता का ध्यान रखने की प्रवृत्ति बने ।

(ग) उनमें छोटे कार्यों के प्रति हीनभावना न जागृत हो ।

२७ आपके विचार से बालाकें को कैसी शिक्षा देनी चाहिए ?

(क) उनमें अपने पड़ौसियों के प्रति आदर, प्रेम एवं सद्‌भावना बढ़े ।

(ख) चपरासियों, मालियों तथा भंगियों आदि के कार्य के प्रति आदर एवं श्रद्धा जागृत रहे ।

(ग) अपने शरीर को पुष्ट रखने तथा कान्ति बनाने की इच्छा जगे ।

२८ आप किस विषय पर निबन्ध लिखकर पढ़ना पसन्द करेंगे ?

(क) जनतन्त्रात्मक नीति एवं राजनीतिक आस्था की स्वतन्त्रता ।

(ख) जनतन्त्रात्मक राज्य में उन्नति व समान अवसर ।

(ग) राष्ट्रीय एकता एवं हमारा कर्त्तव्य ।

२९ आप किस तथ्य से अधिक सहमत हैं ?

(क) प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है कि वह अपने विचार प्रदर्शित कर सके ।

(ख) प्रत्येक जाति के व्यक्ति को बढ़ने के लिये उचित अवसर मिलने चाहिये ।

(ग) प्रत्येक व्यक्ति को अपने ज्ञान में सदैव वृद्धि करते रहना चाहिये ।

३० समाज कल्याण के लिये कौन सी बात अधिक महत्वपूर्ण है ?

(क) सामाजिक व्यवहार के आधारभूत नियमों की जानकारी बढ़ाना ।

(ख) नागरिकों को अधिकार एवं कल्याण की रक्षा के लिये प्रेरित करना ।

(ग) नागरिकों को सामर्थ्यानुसार कार्य करने की अनुमति प्रदान करना ।

३१ आपको अधिक आकर्षक वाक्य कौनसा लगता है ?

(क) शैक्षिक सुविधायें सभी के लिये समान है ।

(ख) प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी राजनीतिक दल में जाने की स्वतन्त्रता है।

(ग) जीवन का उद्देश्य ज्ञान की वृद्धि करना है।

३२ आपको किसमें अधिक आस्था एवं विश्वास है ?

(क) ज्ञान किसी जाति, धर्म या वर्ग की धरोहर नहीं है ।

(ख) हमें दूसरों की आस्था एवं विश्वास पर चोट नहीं पहुंचानी चाहिये ।

(ग) देश की रक्षा के लिये एकता अमोघ शस्त्र है ।

Regional Institute of Education LIBRARY Bhopal

३३ आप किस समाचार को पहिले पढ़ना चाहेंगे ?

(क) नयी खोज के बारे में सूचना ।

(ख) आदिवासियों के लिये विशेष शिक्षा का प्रबन्ध ।

(ग) महिलाओं के समान अधिकार एवं स्वतन्त्रता ।

३४ कौनसी बात आप अधिक बुरी कहेंगे ?

(क) दूसरों की स्वतन्त्रता छीनना ।

(ख) छोटे लोगों को आगे बढ़ने से रोकना ।

(ग) शारीरिक बल का दूसरों पर रौब गांठना ।

३५ विवाह के लिये किस प्रकार के गुणों का (चुनाव करते समय) ध्यान रखना चाहिए।

(क) चरित्र अच्छा हो ।

(ख) स्वास्थ्य अच्छा हो ।

(ग) ज्ञानी हो (अध्ययन प्रिय हो) ।

३६ आपके विचार से अच्छी फिल्म कैसी होनी चाहिये ?

(क) जिसमें उच्च राष्ट्रीय भावनाओं तथा एकता का प्रदर्शन किया गया हो ।

(ख) जिसमें छोटे बड़े सभी अभिनयकर्ताओं को प्रभावशाली भूमिका दी गई हो ।

(ग) जिसमें श्रम के प्रति पूर्ण निष्ठा व्यक्त की गई हो ।

३७ यदि आपको पिकनिक का मुख्य संयोजक बना दिया जाये तो आप क्या करना पसन्द करेंगे ?

(क) पिकनिक का सामान नौकरों के न होने पर स्वयं उठा कर ले चलेंगे ।

(ख) पिकनिक कार्यक्रम में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कार्यक्रम प्रदर्शित करने की अनुमति देंगे ।

(ग) पिकनिक कार्यक्रम में सभी का यथाशक्ति सहयोग लेंगे चाहे व्यक्ति किसी भी वर्ग, जाति या धर्म का क्यों न हो ।

३८ नैतिक स्तर च्च बनाने के लिये आप क्या करेंगे ?

(क) व्यक्तियों को ज्ञान प्रदान करेंगे ।

(ख) आचार विचार के आदर्शों की ओर प्रेरित करेंगे ।

(ग) उन्हें स्वास्थ्य-रक्षा की ओर आकर्षित करेंगे ।

३९ यदि हमारे देश पर बाह्य आक्रमण हो तो आप किस प्रकार का कार्य करना पसन्द करेंगे ?

(क) देश में सहयोग, सद्भावना तथा भावात्मक एकता के भाव जगाना ।

(ख) किसी भी कार्य के प्रति देशवासियों में हीन भावना न उत्पन्न होने देना ।

(ग) दूसरों की बात सुनना तथा देशहित में सही बात समझाना ।

Regional Institute of Education LIBRARY Bhopal

४० आजकल किस चीज की अधिक आवश्यकता है ?

(क) कोई भी कार्य तुच्छ नहीं है आवश्यकता है लगन से करने की ।

(ख) गुदड़ी में भी, लाल छिपे हों तो जरूरत है उन्हें बाहर लाने की ।

(ग) अच्छे आचार विचार पर ध्यान देने की ।

४१ आप किस वाक्य से अधिक सहमत है ?

(क) निम्न कुल के व्यक्ति में यदि योग्यता है तो उसे विकसित करने के लिये अवसर मिलने चाहिये।

(ख) देश में एकता लाने के लिये यदि बलि देने की भी आवश्यकता पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिये।

(ग) अपने समग्र जीवन के प्रति गम्भीरता पूर्वक सोचने में रुचि रखनी चाहिए।

४२ किस कथन में आपको विश्वास है ?

(क) यदि स्वास्थ्य खो गया तो आपकी अमूल्य वस्तु खो गई ।

(ख) बिना चरित्र राष्ट्र मृतप्रायः है ।

(ग) पराधीनता में कभी भी सुख नहीं ।

४३ आपका हृदय कब रो उठता है ?

(क) जब किसी प्रतियोगिता में वर्ग एवं कुल के आधार पर पक्षपात हो ।

(ख) जब अच्छ व्यक्ति भी स्वार्थवश होकर दूसरों पर अन्याय करते है ।

(ग) जब आपको अपने कार्यालय में सही बात कहने से भी वंचित कर दिया जाये ।

४४ आपको रामायण तथा महाभारत या कुरान आदि क्यों पसन्द है ?

(क) सभी व्यक्ति समान है, की शिक्षा प्रदान करते हैं ।

(ख) संयम नियम से रहने की शिक्षा देते हैं ।

(ग) हमारे ज्ञान की वृद्धि करते हैं।

४५ आप अपने घनिष्ट मित्रों के साथ किस विषय पर चर्चा करना पसन्द करते हैं ?

(क) स्वास्थ्य विज्ञान में नये प्रयोग ।

(ख) शारीरिक-श्रम के प्रति बढ़ती हुई निष्ठा।

(ग) जीवन के अभिप्राय ।

४६. आप किस व्यक्ति का अधिक सम्मान करेंगे ?

(क) जो जाति, धर्म, भाषा एवं वर्ग का भेद न रखता हो ।

(ख) जो छोटे से छोटे शारीरिक कार्य करने में स्वयं को अपमानित महसूस नहीं करता ।

(ग) जो अपनी ही नहीं दूसरे की स्वतन्त्रता की रक्षा के प्रति भी जागरूक रहता हो ।

४७ ग्रीष्मावकाश में आप क्या करना पसन्द करते हैं ?

(क) किसी रमणीय पहाड़ी स्थल पर जाकर स्वास्थ्य लाभ करना ।

(ख) मौलिक निबन्ध लिखकर प्रकाशित करना ।

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

## Answer sheet for the Test of Democratic Values

(जनतन्त्रात्मक मूल्य-परीक्षण के लिये उत्तर पत्र)

कृपया इन्हें साफ-साफ भरिये

(अ) अपने विषय में -

(१) नाम ........................ लिंग ........................

(२) कक्षा ........................ वर्ग ........................ रोल नं. ........................

(३) जन्म तिथि ........................ आयु ........................ धर्म ........................

(४) शहरी ग्रामीण ........................ जाति ........................ वैवाहिक अवस्था ........................

(५) अन्य योग्यतायें ........................ दिनांक ........................

(६) शिक्षण अनुभव ........................ मासिक वेतन ........................

(७) विद्यालय का नाम ........................

(८) घर का पता ........................

(ब) अपने माता/पिता/अभिभावक के विषय में -

| | शैक्षिक योग्यता | व्यवसाय | मासिक आय | निवास स्थान शहर गांव | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| माता | | | | | |
| पिता | | | | | |
| भाई/बहिन १ | | | | | |
| २ | | | | | |
| ३ | | | | | |
| ४ | | | | | |
| ५ | | | | | |

Regional Institute of Education LIBRARY Bhopal

# मूल्य परीक्षण का उत्तर पत्र

D-193

| प्र. सं. | क | ख | ग | प्र. सं. | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ○ | ○ | ○ | २५ | ○ | ○ | ○ |
| २ | ○ | ○ | ○ | २६ | ○ | ○ | ○ |
| ३ | ○ | ○ | ○ | २७ | ○ | ○ | ○ |
| ४ | ○ | ○ | ○ | २८ | ○ | ○ | ○ |
| ५ | ○ | ○ | ○ | २९ | ○ | ○ | ○ |
| ६ | ○ | ○ | ○ | ३० | ○ | ○ | ○ |
| ७ | ○ | ○ | ○ | ३१ | ○ | ○ | ○ |
| ८ | ○ | ○ | ○ | ३२ | ○ | ○ | ○ |
| ९ | ○ | ○ | ○ | ३३ | ○ | ○ | ○ |
| १० | ○ | ○ | ○ | ३४ | ○ | ○ | ○ |
| १२ | ○ | ○ | ○ | ३५ | ○ | ○ | ○ |
| १२ | ○ | ○ | ○ | ३६ | ○ | ○ | ○ |
| १३ | ○ | ○ | ○ | ३७ | ○ | ○ | ○ |
| १४ | ○ | ○ | ○ | ३८ | ○ | ○ | ○ |
| १५ | ○ | ○ | ○ | ३९ | ○ | ○ | ○ |
| १६ | ○ | ○ | ○ | ४० | ○ | ○ | ○ |
| १७ | ○ | ○ | ○ | ४१ | ○ | ○ | ○ |
| १८ | ○ | ○ | ○ | ४२ | ○ | ○ | ○ |
| १९ | ○ | ○ | ○ | ४३ | ○ | ○ | ○ |
| २० | ○ | ○ | ○ | ४४ | ○ | ○ | ○ |
| २१ | ○ | ○ | ○ | ४५ | ○ | ○ | ○ |
| २२ | ○ | ○ | ○ | ४६ | ○ | ○ | ○ |
| २३ | ○ | ○ | ○ | ४७ | ○ | ○ | ○ |
| २४ | ○ | ○ | ○ | | | | |

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal